संक्षिप्त

औचक निरीक्षण के बाद हरकत में आया निगम

कोटा, (निसं)। कोटा जिला कलक्टर पीयूष सामरिया द्वारा आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण ओमप्रकाश मेहरा के साथ शहर का औचक निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों की पालना में निगम द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई जिसके तहत गुमानपुरा क्षेत्र मल्टीपरपज पार्किंग मुख्य मार्ग पर कचरा/गन्दगी फैलाने वाले ठैले व दुकानदारों के खिलाफ चालान की कार्यवाही की गई एवं उन्हे दुबारा कचरा न फैलाने के लिए पाबंद किया गया। गुमानपुरा क्षेत्र में कचरा पोइन्टों की सफाई की गई एवं मुख्य मार्ग के कचरा पोन्इटों की नियमित सफाई करने के लिए संबंधित सफाईकर्मीयों को पाबन्द किया गया साथ ही पम्पलेट/फ्लैक्स/होर्डिंग हटाने की कार्यवाही भी की गई। जरूरत के स्थानों पर जैसे मोबाईल मार्केट में डस्टबीन रखवाया गया। सेन्ट पॉल स्कूल के पीछे नाले की सफाई, सार्वजनिक स्थानों एवं मुख्य सड़कों पर चारा विक्रेताओं का चारा जप्त कर आवारा पशुओं को एकत्रित नहीं करने एवं कचरा नहीं फैलाने के संबंध में पाबन्द किया गया, अभय कमाण्ड सेंटर नाले से कचरा/मलबा एवं सिल्ट हटाने की कार्यवाही जेसीबी व मशीनों द्वारा की गई, तलवण्डी क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड 55 स्थित सब्जीमण्डी के नाले की सफाई का कार्य जेसीबी व मशीनों करवाया गया एवं संग्रहित कचरें को डम्परों द्वारा ट्रेचिंग ग्राउण्ड भिजवाया गया, जवाहर नगर स्थित नाले से बरसात के मौसम में जमें हुए कचरा/मलबा एवं सिल्ट को हटाने की कार्यवाही जेसीबी व मशीनों द्वारा की गई। जिसका निरीक्षण नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने किया एवं जरूरी निर्देश प्रदान किय ।

बाइक चोरी के शक में युवक को पकड़ा

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर इलाके में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब बाईक चोरी शक के चलते लोगों ने युवक को पकड़ लिया। हंगामे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़कर थाने लाकर पूछताछ की। जानकारी के अनुसार इलाके में स्थित एक मेडिकल के बाहर एक युवक को बाईक के पास खड़ा देखा तो बाइक चोरी के शक के चलते लोगों ने उसे पकड़ लिया। विज्ञान नगर थाने की एएसआई अंजली मेघवंशी ने बताया कि युवक मानसिक रूप से कमजोर है कभी अपना नाम सलमान बता रहा है तो कभी कुछ। एएसआई ने बताया कि युवक बाइक के पास खड़ा था जिसे लोगों ने बाइक चोरी के शक में उसे पकड़ लिया, पूछताछ में बाईक चोरी जैसी कोई बात सामने नही आई है।

शिविर 15 अक्टूबर को

कोटा, (निसं)। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा 15 अक्टूबर, बुधवार को कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें निजी संस्थान के नियोजकों द्वारा रिलेशनशिप ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, सेल्स ऑफिसर, फाईनेन्स एडवाईजर, बीमा अभिकर्त्ता एवं सिक्योरिटी गार्ड आदि।

किसान की खुदकशी सरकार के लिए बेहद शर्मनाक : मनोज दुबे

- राज्य सरकार पीड़ित किसान परिवार को एक करोड़ मुआवजा दें
- किसान मजबूरी मे तब आत्महत्या करता है, जब सत्ता की आत्मा मर जाती है और सरकार पर से उसका भरोसा उठ जाता है।

कोटा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने कोटा जिले के इटावा कस्बे मे अतिवृष्टि से फसल खराब होने व कर्ज से परेशान किसान जगदीश प्रजापति के द्वारा मजबूर होकर आत्महत्या करने पर गहरा दु:ख व्यस्त करते हुए कहा की कर्ज ओर फसल खराबे से परेशान किसान का आत्महत्या करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण एवं सरकार के लिए बेहद शर्मनाक हैं। मनोज दुबे ने पीड़ित किसान परिवार को एक करोड़ रूपए मुआवजा दिए जाने की मांग करते हुए कहा की किसान मजबूरी मे तब आत्महत्या करता है, जब सत्ता की आत्मा मर जाती है और सरकार पर से उसका भरोसा उठ जाता है। क्योंकि न कहीं मुआवजा है, न कोई राहत, न ही सुनवाई। एक तरफ कर्ज का संकट, दूसरी तरफ खाद की कमी फसल को मार रही है। इसके बाद मौसम चक्र का प्रकोप, मंडी मे फसल का उचित दाम नहीं, सब मिलकर किसान के लिये घोर मुसीबत बन चुके हैं।सरकारों में न चेतना है, न ही कोई सही और उपयोगी समाधान। लगातार बारिश ने खेत उजाड़ दिए, किसान की मेहनत मटियामेट हो गई। लेकिन सरकार कुम्भकर्णी निद्रा में सो रही हो, न उचित सर्वे, न उचित मुआवजा, न समर्थन मूल्य पर खरीदी, किसानों की चीखें अब भी 'आंकड़ों' में दबी हुई हैं और सरकार की संवेदनहीनता ने जमीनी हकीकत से मुंह मोड़ लिया है। मनोज दुबे ने कहा की फसल बुआई से लेकर कटाई के वक्त तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से किसानों की सोयाबीन, मूंग, मूंगफली, ग्वार, बाजरा और तिल आदि की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। पहले अतिवृष्टि, फिर खाद की किल्लत और अब बारिश में किसान की मेहनत पानी में बह गई। खेतों में पड़ी कटी फसलें भीगकर सड़ रही हैं, कई जिलों में 90 प्रतिशत तक फसल चौपट हो गई। ये सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। किसान की मेहनत पर आसमान से आफत बरस रही है,ऐसे में सरकार को चुप्पी नहीं, पीड़ित किसानों को राहत देनी चाहिऐं। मनोज दुबे ने कहा की प्रदेश का किसान संकट में है। सरकार से मांग है कि तुरंत प्रभावित इलाकों का सर्वे करवा कर कटी हुई फसलों का मूल्यांकन कर पीड़ित किसानों को मुआवजा दे और विशेष आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा करें।

फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में दो साल से फरार चल रहे 5 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि महिला अत्याचार के दर्ज प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करने के लिये समस्त थानाधिकारियों को निर्देश दिये गये है। शहर एसपी ने बताया कि जवाहर नगर थाने में 21 मई 2023 को फरियादिया ने जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण के नेतृत्व में टीम गठित की गई। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी बार-बार निवास स्थान बदल रहा था, आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर 5 हजार के इनाम राशि घोषित किया।

मानसिक स्वास्थ्य की दी जानकारी

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा राउंड टाउन एवं होप सोसाइटी कोटा द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय दादाबाड़ी में किया गया। सर्वप्रथम शाला प्रधान प्रिंसिपल अर्चना सक्सेना ने सभी का माला और दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होप सोसाईटी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ मनोरोग वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ रो. डॉ.एम.एल.अग्रवाल थे, उन्होंने स्कूली छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तन के स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी स्वस्थ समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा बच्चों को दैनिक दिनचर्या में मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए कई उपाय बताएं उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा की एक स्वस्थ समाज के लिए हर व्यक्ति का मानसिक रूप में स्वस्थ होना अति आवश्यक है तथा मानसिक बीमारियों का अगर बहुत शुरू में ही पता चल जाए तो उसका निदान और उपचार समय रहते किया जा सकता है ताकि वह कोई गंभीर बीमारी का रूप धारण न करें होप सोसाईटी के सचिव बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.अविनाश बंसल ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि अच्छे मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें 7 से 8 घंटे रोज नींद लेनी चाहिए तथा 1 घंटे से ज्यादा मोबाईल पर या टीवी पर व्यतीत नहीं करना चाहिऐं। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया तथा विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। क्लब अध्यक्ष रो.अनिल अग्रवाल ने बच्चों में चिड़चीड़ापन तथा आक्रोशित स्वभाव को मध्यनजर रखते हुए डॉ.अग्रवाल से प्रश्न किया।

ब्याज माफी की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, दिव्यांग वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के ऋणियों के लिए एक मुश्त समाधान योजना के तहत ब्याज राशि तथा दण्डनीय ब्याज राशि माफ करने की योजना की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर कर दी गई है। योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी वर्ग, दिव्यांग वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के ऋणी बकाया मूल राशि जमा कराते हुए अदेय प्रमाण पत्र परियोजना प्रबन्धक, राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. कमरा नं. 59, कलेक्ट्रेट परिसर से प्राप्त कर सकते हैं।

ड्रांईग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

कोटा, (निसं)। वन संरक्षण और वन्य जीव विभाग और अभेड़ा बॉयोलोजिकल पार्क कोटा के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों में पर्यारण जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी श्रंखला में अभेड़ा पार्क का भ्रमण और ड्रांईग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मोदी एजुकेशन ग्रुप के निदेशक राघव मोदी ने बताया कि मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस जिला स्तरीय वन्य जीव संरक्षण प्रतियोगिता में 28 विद्यार्थी ने बहुत उत्साह से भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे मोदी पब्लिक स्कूल की चारु मटवानी कक्षा 8वी की छात्रा ग्रुप ए में द्वितीय स्थान पर रही, इसी प्रकार ग्रुप बी में कविता गोद्रा कक्षा 11वीं की छात्रा और वंशिका सोनी कक्षा 10वीं की छात्रा द्वितीय स्थान पर रही, जिसमें उन्होने पर्यावरण संरक्षण पर शानदार चित्र बनाकार पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। चैयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि पृथ्वी को हरित, स्वच्छ और सुरक्षित बनाना हमारा नैतिक कर्तव्य हैं, हमें धरती को प्रदूषण मुक्त बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करना चाहिऐं। मोदी पब्लिक स्कूल की प्रायार्या डॉ.नलिनी कुलश्रेष्ठ ने बताया कि विद्यार्थियों ने ऊर्जा खपत को कम करके पर्यावरण का संरक्षण कर सकते है।

''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और जीएसटी बचत उत्सव''

- जीएसटी सुधार आम नागरिकों के जीवन को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम-अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त

कोटा , (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ था, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधार देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं ओर इन सुधारो से देश के आम नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। यह बात केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार कोटा द्वारा 08 अक्टूबर से राष्ट्रीय दशहरा मेला कोटा में ''स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और जीएसटी बचत उत्सव'' पर लगाई गई तीन दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी के समापन समारोह मे अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त ममता तिवारी ने कही। उन्होंने कहा की जीएसटी सुधारों से मध्यम वर्गीय परिवारों पर वित्तीय दबाव कम होगा और छोटे शहरों और कस्बों में छोटी कारों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा की जीएसटी कर में कमी से न केवल खरीदारों को लाभ होगा, बल्कि विनिर्माण और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। प्रारंभ मे मंत्रालय के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने स्वागत करते हुए मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के कहा कि आमजन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन, स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार, पोषण अभियान, जीएसटी सुधार और संविधान में दिए गए नागरिकों के अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में भी विस्तार से समझाया। प्रदर्शनी को रोचक बनाने के लिए केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा केंद्रीय योजनाओं और जीएसटी सुधार पर आधारित सवाल-जवाब प्रतियोगिता (प्रश्नोत्तरी) भी रखी गई। प्रतियोगिताओ मे महिलाओं और छात्राओं, युवाओं एव आमजन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सही जवाब देने वालों को केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मौके पर ही पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा लगाई गई तीन दिवसीय प्रदर्शनी में विभाग के कलाकारों द्वारा जीएसटी सुधार पर गीतों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देकर लोगों को मनोरंजन ढंग से जानकारी दी गई।

'संत कंवरराम जी का पूरा जीवन सेवा को रहा समर्पित'

कोटा, (निसं)। संत कंवरराम सिंधी धर्मशाला पंचायत प्रबंधक समिति गुमानपुरा द्वारा तीन दिवसीय 86वाँ निर्वाण (वर्सी) महोत्सव शुक्रवार से पूज्य पाठ साहब की भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, संत कंवरराम जी के जयघोष लगाए गए, उसके बाद शोभायात्रा संत कंवरराम धर्मशाला पहुंची जहां पूजा-अर्चना की गई, आरती हुई और संत कंवराराम जी को याद किया गया। संत कंवरराम सिंधी धर्मशाला गुमानपुरा के अध्यक्ष गिरधारी पंजवानी ने कहा कि संत कंवरराम जी ने अपना पूरा जीवन गरीबो के लिए लगा दिया।

अधीनस्थ सुपरवाईजरों को मिलेगी सभी सुविधाएं

कोटा, (निसं)। 10 अक्टूबर 2025 वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल के साथ आयोजित स्थाई वार्ता तंत्र की मीटिंग में मण्डल रेल प्रबंधक कोटा के समक्ष कोटा मण्डल पर कार्यरत रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाकर शीघ्र निराकरण की मांग की। मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि पीएनएम में विभिन्न केटेगरियों जैसे मैकेनिकल, पर्सनल एवं अन्य में कार्यरत कर्मचारियों की पदोन्नति की समस्याओं को रेल प्रशासन के समक्ष उठाया व रेल प्रशासन ने अवगत कराया कि माह नवम्बर तक सभी पदोन्नतियां आदेश निकाल दिये जायेंगे व संघ की मांग पर सभी अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत सुपरवाईर्स को कार्यालय, कम्प्यूटर, फर्नीचर, वाईफाई सुविधा व साईड पर आवगमन हेतु साधन की व्यवस्था करने पर भी प्रशासन ने अपनी सहमति जताई है, वाई-फाई हेतु लाईन बिछा दी गई है व माह दिसम्बर तक अनलिमिटेड वाई-फाई की सुविधा प्रारम्भ हो जायेगी जिससे ऑनलाईन काम करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही रहेगी। पीएनएम मीटिंग में मण्डल रेल प्रबंधक के समक्ष कोटा-सवाईमाधोपुर खण्ड में विगत माह जलभराव व ब्रीचेज के समय में अस्त-व्यस्त व आपात स्थिति में बचाव कार्य व मेन्टीनेन्स में काम कर रेल संचालन में अपनी भूमिका निभाने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने की भी मांग की गई। संघ की मांग पर आरक्षण कार्यालयों में दीपावली के दिन हॉफ-डै काउन्टर खोलने पर भी प्रशासन द्वारा सहमति प्रदान कर दी है। इसी प्रकार कोटा मण्डल में इन्जीनियरिंग विभाग के साथ-साथ सिगनल, ऑपरेटिंग विभाग के कर्मचारियों की संरक्षा की दृष्टि से शीघ्र कवच व्यवस्था लागू करने।

मोशन एजुकेशन ने लॉन्च की नीट होम टेस्ट सीरीज

कोटा, (निसं)। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता केवल मेहनत से नहीं, बल्कि सही दिशा में निरंतर अभ्यास से मिलती है। वे शुक्रवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष कैंपस में आयोजित नीट-2026 के लिए होम टेस्ट सीरीज और एनसीईआरटी क्लिक फीचर के लॉन्चिंग कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मोशन के नीट डिवीजन हेड अमित वर्मा और कंटेंट हेड जयंत चित्तौड़ा भी मौजूद थे। नितिन विजय ने बताया कि नियमित अभ्यास और आत्ममूल्यांकन एग्जाम में सफलता का असली सूत्र है। मोशन एजुकेशन द्वारा किए गए एक सर्वे में भी पाया गया है कि जो विद्यार्थी अधिक टेस्ट देते हैं, उनके चयन की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सर्वे में यह भी पाया गया कि बार-बार खुद को परखने वाले छात्र अधिक आत्मविश्वासी रहते हैं और परीक्षा में घबराते नहीं। प्रैक्टिस के बाद जब छात्र एग्जाम पैटर्न के अनुसार टेस्ट देते हैं, तो उन्हें अपनी कमजोरियों और ताकत का अंदाजा हो जाता है। यही जागरूकता परीक्षा में सफलता का असली आधार बनती है। उन्होंने कहा हर टेस्ट विद्यार्थी के लिए एक आईना है, जो उसको उसकी तैयारी की सच्चाई दिखाता है। नीट परीक्षा पूरी तरह ऑफलाईन मोड में होती है। इसके पैटर्न में हाल ही में बदलाव किए गए हैं। ऐसे में छात्रों के लिए यह आवश्यक है कि वे केवल किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि वास्तविक परीक्षा जैसी परिस्थितियों में अपनी तैयारी को परखें। इसी उद्देश्य से मोशन एजुकेशन ने नीट होम टेस्ट सीरीज़ तैयार की है, जो नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित है। यह टेस्ट सीरीज़ ऑफ लाइन है। इसमें 22 माईनर और मेजर टेस्ट दिए गए हैं। इससे स्टूडेंट्स चाहें तो केवल एक अध्याय की प्रैक्टिस कर सकते हैं या पूरे सिलेबस का मॉक टेस्ट देकर अपनी स्थिति का मूल्यांकन कर सकते हैं। मोशन एजुकेशन ने सुनिश्चित किया है कि नीट होम टेस्ट सीरीज केवल कोटा तक सीमित न रहे। देश के किसी भी हिस्से में बैठे विद्यार्थी के लिए उपलब्ध है। नितिन विजय ने कहा कि यह टेस्ट विद्यार्थियों को घर बैठे उसी अनुभव से गुजरने का अवसर देती है, जैसा असली परीक्षा में होता है। हमारा लक्ष्य केवल सही उत्तर तक पहुंचना ही नहीं, बल्कि यह समझना है कि वह उत्तर सही क्यों है।

छात्राध्यापिकाओं का स्वागत

कोटा, (निसं)। प्रगति शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय रीको रानपुर कोटा में शुक्रवार को बी.एड. व डी.एल.एड. प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिकाओं के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में संस्था के चेयरमेन डॉ.जफर मोहम्मद, डायरेक्टर डॉ.परवेज खान, जुबेर खान उपस्थित रहे। इस दौरान नवीन छात्राध्यापिकाओं का द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिकाओं द्वारा मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवीन छात्राध्यापिकाओं को महाविद्यालय स्टॉफ द्वारा महाविद्यालय में साल भर होने वाली गतिविधियों के बारें में अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के चेयरमेन डॉ.जफर मोहम्मद द्वारा समस्त नवीन छात्राध्यापिकाओं को महाविद्यालय के नियमों का पालन करने, अनुशासन में रहने एवं अपने

'तनाव, दबाव, अलगाव और सीमित पहुंच युवा शिक्षार्थियों को प्रभावित करती है'

- छात्रों की सहभागिता और उनसे निपटने के कौशल को मजबूत करने के लिए, एमपॉवर ने शहर भर में कई कॉलेज-आधारित स्वास्थ्य गतिविधियों का आयोजन किया है

कोटा, (निसं)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नीरजा बिड़ला के नेतृत्व में आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट की एक पहल, एमपॉवर, भारत के युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। भारत के सबसे प्रतिस्पर्धी शैक्षिक केंद्रों में से एक, कोटा में, एमपॉवर फाउंडेशन के माध्यम से 35,000 से अधिक छात्र जुड़े हुए हैं जो स्थानीय छात्रों को कम लागत वाली, गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है। छात्रों की सहभागिता और उनसे निपटने के कौशल को मजबूत करने के लिए, एमपॉवर ने शहर भर में कई कॉलेज-आधारित स्वास्थ्य गतिविधियों का आयोजन किया है। गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज में, छात्रों ने 'द आर्ट ऑफ लेटिंग गो' बैलून गतिविधि में भाग लिया, जहां उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से अपनी चिंताओं को व्यक्त किया और आत्म-अभिव्यक्ति, सामुदायिक जुड़ाव और भावनात्मक उपचार पर केंद्रित साथियों के नेतृत्व वाले सत्रों में भाग लिया। इन पहलों का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को सामान्य बनाना और छात्रों को बिना किसी लांछन के मदद लेने के लिए सशक्त बनाना है, जिससे कोटा के शिक्षण परिवेश में खुलेपन और देखभाल की संस्कृति का निर्माण हो।

एमपॉवर के स्थानीय कार्यक्रमों के आँकड़े शैक्षणिक दबाव, मनोदैहिक लक्षणों, कम आत्मसम्मान, समय प्रबंधन संबंधी समस्याओं और पारस्परिक संघर्षों के एक चिंताजनक पैटर्न को उजागर करते हैं जो छात्रों पर उच्च प्रदर्शन वाले वातावरण के भावनात्मक प्रभाव को दर्शाता है। पिछले साल अपनी स्थापना के बाद से, एमपॉवर फाउंडेशन, कोटा ने छात्रों तक सक्रिय रूप से पहुंचने और प्रारंभिक हस्तक्षेप को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यशालाओं, परामर्श पहलों और आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया है। एमपॉवर, एबीईटी की संस्थापक और अध्यक्ष नीरजा बिड़ला ने कहा, 'भारत के युवाओं में अपार क्षमताएँ हैं, फिर भी कई लोग चुपचाप संघर्ष करते हैं और एक समाज के रूप में इस समस्या का समाधान करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वस्थ युवा भारत का हमारा लक्ष्य एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करना है जो लचीली, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित हो ।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अब्दुल रहीम पुत्र अब्दुल गफ्फार आयु 56 वर्ष निवासी-मकान नं.-200 टंकी के पास बड़े माताजी मंदिर के पास मोखापाडा कोटा (राज.) में निवास करता है। मेरे पक्षकार का पुत्र अब्दुल तौसिब उर्फ तौसिबा का व्यवहार मेरे पक्षकार के प्रति ठीक नहीं है। मेरे पक्षकार के पुत्र अब्दुल तौसिब उर्फ तौसिबा मेरे पक्षकार से आये दिन लडाई-झगडा, गाली गलौच व परेशान करता है। उसके व्यवहार के कारण मेरे पक्षकार ने उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पक्षकार का उससे कोई संबंध नहीं है तथा मेरे पक्षकार की सम्पत्ति में उसका कोई अधिकार नहीं है। अत: कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार के पुत्र अब्दुल तौसिब उर्फ तौसिबा के साथ किसी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिए मेरा पक्षकार किसी रुप में जिम्मेदार नहीं होगा।

खुशाल गुप्ता एडवोकेट
मो.नं. 97851-07042

खोया पाया

महेंद्रजीत कौर पत्नी खुशबीर सिंह प्लाट नं.-2 बाल मंदिर रोड भीमगंज मंडी कोटा का विक्रय पत्र व समझौता पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

खोया पाया

राधा मीणा पुत्री चतुर्भुज मीणा 283 दादाबाड़ी कोटा का रजिस्ट्री-पट्टा आवंटन पत्र कब्जा पत्र व मुख्तारनामा गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

कार्यालय नगर निगम, (कोटा उत्तर) (राज.)

क्रमांक :- ननिको(उ)/निर्माण/2025/5370-83 दिनांक : 07.10.2025

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा विभिन्न राजकीय अभियांत्रिकी विभागों के पंजीकृत "A", "AA" श्रेणी एंव नगर निगम कोटा उत्तर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा कुल 04 कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या-16/2025-26 से सम्बन्धित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो का विस्तृत विवरण, निविदा शर्ते, अनुमानित लागत,निविदा बैचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम कोटा उत्तर की वेबसाइट www.kotamc.org, http/eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. DLB2526A6898
UBN No. : DLB2526WSRC20907, DLB2526WSRC20909, DLB2526WSRC20913, DLB2526WSRC20916

अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/25/11834 नगर निगम, कोटा-उत्तर

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिकोड/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/14331 दिनांक: 9.10.25

नाम हस्तान्तरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आलेखा कपलाश पत्नी श्री मोहन कपलाश निवासी भूखण्ड संख्या 03. विद्या विहार कॉलोनी केन्द्रीय विद्यालय नम्बर-1 के पास भीमगंजमण्डी कोटा (राज.) के नगर निगम, कोटा उत्तर में आवेदन प्रस्तुत कर भूखारख्या 139 सिविल लाइंस, मनोज टॉकीज राजवीर वकील के मकान के सामने, भीमगंजमण्डी कोटा क्षेत्रफल 3900 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण किये जाने का निवेदन किया है। सिटी इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट डिपार्टमेन्ट कोटा द्वारा सर्टीफिकेट फरोख्तगी जमीन मिसल नम्बर 02 सम्वत 2005 से भूखण्ड क्षेत्रफल 3900 वर्गफुट का आवंटन श्रीमती शीला सब्बरवाल पत्नी श्री एम.एल सबरवाल को किया गया। श्रीमती शीला सब्बरवाल ने उक्त भूखंड जयें बैनामा दिनांक 16.10.1958 से श्रीमती सुहागवन्ती पत्नी श्री मुलक राज को विक्रय कर दिया। श्रीमती सुहागवन्ती ने उक्त भूखण्ड जयें रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.02.1961 से श्री हर प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री सुखा मल को विक्रय कर दिया। श्री हर प्रसाद गुप्ता ने जयें विल 10.12.1977 से उक्त भूखण्ड की वसीयत श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र श्री ओम प्रकाश गुप्ता के नाम कर दी। श्री हर प्रसाद गुप्ता का देहावसान दिनांक 29.09.1978 को हो जाने के उपरांत श्री अनिल कुमार गुप्ता ने जयें नोटेरी मुख्तार नामा आम दिनांक 15.02.2011 से श्री महेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री भैरु लाल शर्मा को उक्त मूखण्ड का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री महेश कुमार शर्मा ने जयें रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.06.2011 से उक्त भूखण्ड श्री प्रताप सिंह राठौड़ पुत्र श्री बिशन सिंह को विक्रय कर दिया। श्री प्रताप सिंह राठौड़ द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा में उक्त भूखण्ड रहन रखने पर रहन अदायगी नहीं होने पर माननीय न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश क्रम-4 कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 528 दिनांक 15.05.2025 से उक्त भूखंड श्रीमती आलेखा कपलाश पत्नी श्री मनमोहन कपालश को विक्रय कर दिया। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा उत्तर में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण किये जाने में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम, कोटा उत्तर कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

नगर निगम, कोटा दक्षिण-उत्तर

132वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला, कोटा

दिनांक 11-10-2025, शनिवार के कार्यक्रम

लाइट एण्ड साउण्ड शो

रात्रि 07:00 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

लॉफ्टर शो

राजीव ठाकुर, राजा रेंचो, हीरेन त्रिवेदी, अशोक मिश्रा

रात्रि 08:30 बजे। विजय श्री रंगमंच, दशहरा मैदान

गरिमामयी उपस्थिति

श्री कृष्ण गोपाल अहीर, उप जिला प्रमुख कोटा
श्री योगेन्द्र नंदवाना (अल्कू), पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा कोटा देहात
श्री रितेश चित्तौड़ा, महामंत्री भाजपा कोटा शहर
श्री विशाल शर्मा, संयोजक सांसद खेल महोत्सव
श्री महीप सोलंकी, डायरेक्टर जिला उपभोक्ता भण्डार, कोटा
श्री दीपू मीणा, मंत्री भाजपा कोटा शहर

किसान रंगमंच

रात्रि 08:00 बजे

गरिमामयी उपस्थिति

श्री दीनू बंजारा, मण्डल अध्यक्ष केशवपुरा
श्री रामचन्द्र नागर, मण्डल अध्यक्ष गणेश नगर
श्री पारस खींची, मण्डल प्रतिनिधि केशवपुरा
श्री उमेश मेवाड़ा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष केशवपुरा

फेज़ 2, दशहरा मैदान

उपरोक्त कार्यक्रमों में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं

विनीत : विवेक राजवंशी, अध्यक्ष एवं समस्त सदस्य, मेला समिति तथा नगर निगम कोटा दक्षिण-उत्तर

राजस्थान संवाद

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6199 दिनांक:- 9.10.25

भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	पराग गोयल पुत्र श्री इश्वरी भुवन निवासी दादुपंथ मठ अस्पताल रोड बारां तह. व जिला बारां (राज.)	बारां खसरा नं. 523 भूखंड संख्या 02	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	278.81 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6197 दिनांक:- 9.10.25

भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	इश्वरी भुवन गोयल पुत्र श्री धन्नालाल निवासी दादुपंथी की बगीची बारां तह. व जिला बारां (राज.)	नलका खसरा नं. 410 कृष्णा नगर कोटा रोड भूखंड संख्या 272	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	464.68 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6200 दिनांक:- 9.10.25

भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	श्रीमती गिरिराज गोयल पत्नी श्री ईश्वरी भुवन निवासी दादुपंथी की बगीची बारां तह. व जिला बारां (राज.)	काजीखेडा खसरा नं. 410 कृष्णा नगर कोटा रोड भूखंड संख्या 271	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	511.15 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां

कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

क्रमांक:-नपबा/भूमि रुपां./2025/6201 दिनांक:- 9.10.25

भू-उपयोग परिवर्तन विज्ञप्ति

नगरीय विकास विभाग की समय समय पर जारी परिपत्र/अधिसूचना के तहत बनाये गये राजस्थान नगरीय क्षेत्र (भू उपयोग परिवर्तन नियम) के अन्तर्गत सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निम्न प्रकरण का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय भू उपयोग परिवर्तन समिति में रखा जाना प्रस्तावित हैं। उक्त भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में नगर परिषद कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्रकरण का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम खसरा नं.	जोनल प्लान (जॉन बी) में भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल	विशेष विवरण
1.	इश्वरी भुवन गोयल पुत्र श्री धन्नालाल व गिरिराज गोयल पत्नी श्री इश्वरी भुवन गोयल निवासी दादुपंथी की बगीची बारां तह. व जिला बारां राज.	बारां खसरा नं. 482 भूखंड संख्या 1 व 2	सड़क मार्गाधिकार के बाद मिश्रित पश्चात आवासीय	आवासीय से व्यवसायिक	357.80 वर्गमीटर	

आयुक्त नगर परिषद बारां